# मॉडल प्रश्न-पत्र ( दोहराई के लिए )

## मॉडल प्रश्न-पत्र—1

**POLITICAL SCIENCE**
**CLASS—XII (C.B.S.E.)**

**Time Allowed : 3 Hours** **Max. Marks : 100**

**सामान्य निर्देश :—**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न नं० 1 से 5 तक के प्रत्येक प्रश्न के **एक** अंक हैं।
3. प्रश्न नं० 6 से 10 तक के प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं।
4. प्रश्न नं० 11 से 16 तक के प्रत्येक प्रश्न के **चार** अंक हैं।
5. प्रश्न नं० 17 से 19 तक के प्रत्येक प्रश्न के **पांच** अंक हैं।
6. प्रश्न नं० 20 एवं 21 तक के प्रत्येक प्रश्न के **पांच-पांच** अंक हैं।
7. प्रश्न नं० 22 से 27 तक के प्रत्येक प्रश्न के **छः** अंक हैं।

1. वारसा सन्धि को पूर्वी गठबन्धन भी क्यों कहा जाता है ? (1)
2. 9/11 से सम्बन्धित घटना कौन-सी थी ? (1)
3. वैश्वीकरण किसे कहते हैं ? (1)
4. भारत में पहला आम चुनाव किस वर्ष हुआ ? (1)
5. 1969 में राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस का अधिकृत उम्मीदवार कौन था ? (1)
6. शॉक थेरेपी के किन्हीं दो नकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए। (2)
7. संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा-परिषद् के कितने सदस्य देशों को वीटो का अधिकार प्राप्त है और क्यों? (2)
8. 'सुरक्षा' की परम्परागत अवधारणा को स्पष्ट कीजिए। (2)
9. शिमला समझौता क्या था? इस पर हस्ताक्षर करने वालों के नाम लिखिए। (2)
10. 1985 के 'आसाम समझौते' के परिणाम का वर्णन कीजिए। (2)
11. आसियान के कोई चार मुख्य उद्देश्य लिखें। (4)
12. पर्यावरण सम्बन्धी मसलों पर भारत के पक्ष की व्याख्या कीजिए। (4)
13. 1947 में भारत-विभाजन के तुरन्त बाद रजवाड़ों के प्रति भारतीय सरकार का क्या दृष्टिकोण था? (4)
14. तिब्बत समस्या क्या थी? भारत ने तिब्बती प्रवासियों को स्थापित होने में किस प्रकार सहायता की? (4)
15. नर्मदा बचाओ आन्दोलन क्या था? इसके विरुद्ध क्या आलोचना की गई? (4)
16. अयोध्या विवाद क्या है? व्याख्या कीजिए। (4)
17. कोई भी क्षेत्र हवा में नहीं होता। चाहे कोई क्षेत्र अपने को गैर-इलाकाई ताकतों से अलग रखने की जितनी भी कोशिश करे उस पर बाहरी ताकतों और घटनाओं का असर पड़ता ही है। चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम् भूमिका निभाते हैं। पिछले दस वर्षों में भारत और चीन के संबंध बेहतर हुए हैं। चीन की राजनीतिक साझेदारी पाकिस्तान के साथ है, और यह भारत–चीन सम्बन्धों में एक बड़ी कठिनाई है। विकास की ज़रूरत और वैश्वीकरण के कारण एशिया महादेश के ये दो बड़े देश ज्यादा नज़दीक आए हैं। सन् 1991 के बाद से इनके आर्थिक सम्बन्ध ज्यादा मज़बूत हुए हैं।

    ऊपर दिए गए अवतरण का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए— (5)

    (क) किन दो देशों को बाहरी ताकतें कहा गया है?



Model Paper.pmd 1 2/16/2018, 4:59 PM

(ख) किन दो देशों को एशियाई महादेश कहा गया है?

(ग) चीन और पाकिस्तान की राजनीतिक साझेदारी किस देश के लिए एक बड़ी कठिनाई का कारण है और क्यों?

**18.** रियो घोषणा-पत्र में से लिए गए पैरे को पढ़ें तथा सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दें— (5)

''पृथ्वी के पर्यावरण को संरक्षित, सुरक्षित तथा पोषित करने के लिए राज्य विश्व भागीदारी की भावना के आधार पर सहयोग करेंगे। पर्यावरण को खराब करने से सम्बन्धित असमान भागीदारी को ध्यान में रखते हुए राज्य साझे परन्तु भिन्न-भिन्न ज़िम्मेदारियों को निभाएँगे।''

(क) इस पैरे में जिस प्रकार के पर्यावरण की बात कही गई है, उसके दो उदाहरण दें।

(ख) विश्व के किस भाग की पर्यावरण संरक्षण की ज़िम्मेदारी अधिक है और क्यों?

(ग) रियो सम्मेलन के बाद राज्यों ने अपने कार्यान्वयन में इस भावना को कितना पूरा किया है?

**19.** निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़ें और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें— (5)


इन्दिरा गांधी ने कांग्रेस को अत्यन्त केन्द्रीकृत और अलोकतान्त्रिक पार्टी संगठन में तब्दील कर दिया, जबकि नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस शुरुआती दशकों में एक संघीय, लोकतान्त्रिक और विचारधाराओं के समाहार का मंच थी। नयी और लोकलुभावन राजनीति ने राजनीतिक विचारधारा को महज चुनावी विमर्श में बदल दिया। कई नारे उछाले गए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि उसी के अनुकूल सरकार की नीतियां भी बनानी थीं—1970 के दशक के शुरुआती सालों में अपनी बड़ी चुनावी जीत के जश्न के बीच कांग्रेस एक राजनीतिक संगठन के तौर पर मर गई। **—सुदीप्त कविराज**

(क) लेखक के अनुसार नेहरू और इन्दिरा गांधी द्वारा अपनाई गई रणनीतियों में क्या अन्तर था?

(ख) लेखक ने क्यों कहा है कि सत्तर के दशक में कांग्रेस 'मर गई'?

(ग) कांग्रेस पार्टी में आए बदलावों का असर दूसरी पार्टियों पर किस तरह पड़ा?

**20.** विश्व के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में पाँच देशों को A, B, C, D तथा E द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए तथा उनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर सहित, निम्नलिखित तालिका के अनुसार अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: (5)



(*i*) वह देश जहाँ 1987 में मोंट्रियल प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए गए।

(*ii*) इस देश का कहना है कि गैसों के उत्सर्जन में कमी करने की प्रमुख ज़िम्मेदारी विकसित देशों की है।

(*iii*) यह देश वन संबंधी आंदोलनों के लिए विख्यात है।

(*iv*) फ्रैंकलिन नदी तथा आस-पास के वनों को बचाने के लिए, पहला बाँध-विरोधी आन्दोलन इस देश में चला।

(*v*) विश्व का सर्वाधिक खनिज तेल उत्पादक देश।


**21.** भारत का कोई समकालीन राजनीतिक नक्शा लीजिए (जिसमें राज्यों की सीमाएं दिखाई गई हों) और नीचे लिखी रियासतों के स्थान चिह्नित कीजिए— (5)

(क) जूनागढ़

(ख) मणिपुर

(ग) मैसूर

(घ) ग्वालियर।




**22.** शीतयुद्ध समाप्त होने के पश्चात् गुट-निरपेक्ष आन्दोलन की प्रासंगिकता क्या है? व्याख्या कीजिए। (6)

***अथवा***

गोर्बाचेव को सोवियत संघ में सुधार लाने के लिए बाध्य करने वाले किन्हीं छह कारकों की व्याख्या कीजिए। (6)

**23.** भारत-अमेरिका सम्बन्धों का परीक्षण कीजिए। (6)

***अथवा***

एक अधिराष्ट्रीय संगठन के रूप में यूरोपीय संघ की भूमिका का मूल्यांकन कीजिए। (6)

**24.** बदलते परिवेश में संयुक्त राष्ट्र को अधिक प्रासंगिक बताने के लिए 2005 से सुझाए गए किन्हीं छह सुधारों का आकलन कीजिए। (6)

***अथवा***

सुरक्षा से क्या अभिप्राय है ? भारत की सुरक्षा संबंधी राजनीति के किन्हीं चार घटकों का उल्लेख कीजिए। (6)

**25.** 1947 में भारत विभाजन के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए। विभाजन के किन्हीं चार प्रमुख परिणामों का विश्लेषण कीजिए। (6)

***अथवा***

भारत में पहले आम चुनाव करवाने के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों का वर्णन कीजिए। ये चुनाव किस सीमा तक सफल रहे ? (6)

**26.** 1969 में कांग्रेस पार्टी के विभाजन के लिए उत्तरदायी प्रमुख मुद्दों की व्याख्या कीजिए। (6)

***अथवा***

जून, 1975 को भारत के आन्तरिक आपात्काल की घोषणा के पीछे क्या कारण थे? (6)

**27.** जन अथवा सामाजिक आन्दोलन भारतीय लोकतन्त्र को कैसे सुदृढ़ बनाते हैं? इसकी क्या सीमाएं हैं? (6)

***अथवा***

असम आन्दोलन सांस्कृतिक गौरव और आर्थिक पिछड़ेपन की मिली-जुली अभिव्यक्ति था। इस कथन का औचित्य निर्धारित कीजिए। (6)

# मॉडल प्रश्न-पत्र—2

**POLITICAL SCIENCE**
**CLASS—XII (C.B.S.E.)**

**Time Allowed : 3 Hours** **Max. Marks : 100**

**नोट—** *सामान्य निर्देश के लिए मॉडल प्रश्न-पत्र-1 देखें।*

**1.** शीत-युद्ध से क्या अभिप्राय है? (1)

**2.** इंग्लैण्ड में यूरोपीय संघ से अलग होने के लिए जनमत संग्रह कब हुआ ? (1)

**3.** स्टाकहोम सम्मेलन कब हुआ ? (1)

**4.** भारत के विभाजन में किन दो प्रान्तों का भी बँटवारा किया गया? (1)

**5.** 1974 में रेलवे हड़ताल का नेतृत्व किसने किया ? इसकी मुख्य मांग क्या थी ? (1)

**6.** शीत-युद्ध के काल में भारत दोनों महाशक्तियों के कैम्पों में से किसी एक में भी सम्मिलित क्यों नहीं हुआ? (2)

**7.** संयुक्त राष्ट्र-संघ जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की आवश्यकता क्यों होती है? (2)

**8.** सुरक्षा की पारम्परिक धारणा के अनुसार किसी देश की सुरक्षा के सामने किन्हीं दो खतरों को उजागर कीजिए। (2)

**9.** पंचशील से क्या अभिप्राय है? (2)

**10.** 1984 से 2004 तक कांग्रेस और भाजपा की चुनावी हार-जीत का बदलता परिदृश्य कैसा था? (2)

**11.** भारत तथा बांग्लादेश के बीच किन्हीं चार तनाव के मुद्दों का वर्णन कीजिए। (2)

**12.** वैश्वीकरण के किन्हीं चार राजनीतिक परिणामों का उल्लेख कीजिए। (4)

**13.** हरित क्रांति के किन्हीं दो गुणों और दो अवगुणों को स्पष्ट कीजिए। (4)

**14.** भारतीय विदेश नीति के किन्हीं चार सिद्धांतों का आकलन कीजिए। (4)

**15.** लोकप्रिय आन्दोलन का क्या अर्थ है? दल आधारित एवं गैर-दल आधारित आन्दोलन की व्याख्या करें। (4)

**16.** भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में बढ़ती राजनीतिक हिंसा की व्याख्या कीजिए। (4)

**17.** भारत चीन के बदलते सम्बन्धों का परीक्षण कीजिए। (5)

**18.** इस पैरे को पढ़ें एवं निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें— (5)

''यदि वैश्वीकरण का अर्थ विचारों, पूंजी, वस्तुओं एवं मनुष्यों के प्रवाह से है तो यहाँ यह प्रश्न पूछना तर्कपूर्ण होगा कि इसमें पवित्र चीज़ कौन-सी है। वैश्वीकरण ने इन चारों प्रवाह के सन्दर्भ में सम्पूर्ण मानव-जाति के इतिहास को ग्रहण कर लिया है। हालांकि जो लोग यह तर्क देते हैं कि समकालीन वैश्वीकरण में कुछ अलग है वे यह कहते हैं कि यह वह तराज़ू एवं गति है, जो वैश्वीकरण के विशेषीकरण के प्रवाह को मापता है।''

(क) उपरोक्त पैरे में दिए गए चारों प्रवाहों का प्राचीन समय में इसी तरह के प्रवाह से अन्तर करते हुए उदाहरण दें।

(ख) क्या हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वैश्वीकरण एक अनिवार्य आर्थिक एवं सदैव सकारात्मक होने वाली घटना है? अपने तर्क के पक्ष में एक उदाहरण दें।

**19.** निम्नलिखित अवतरण को पढ़ें और इसके आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें— (5)

1977 के चुनावों के दौरान भारतीय लोकतन्त्र, दो–दलीय व्यवस्था के जितना नज़दीक आ गया था उतना पहले कभी नहीं आया। बहरहाल अगले कुछ सालों में मामला पूरी तरह बदल गया। हारने के तुरन्त बाद कांग्रेस दो टुकड़ों में बँट गई.............. जनता पार्टी में भी बड़ी अफरा–तफरी मची.............. डेवड बटलर, अशोक लाहिड़ी और प्रणव रॉय। **—पार्था चटर्जी**

(क) किन वज़हों से 1977 में भारत की राजनीति दो–दलीय प्रणाली के समान जान पड़ रही थी?

(ख) 1977 में दो से ज्यादा पार्टियां अस्तित्व में थीं। इसके बावजूद लेखकगण इस दौर को दो-दलीय प्रणाली के नज़दीक क्यों बता रहे हैं?

(ग) कांग्रेस और जनता पार्टी में किन कारणों से फूट पैदा हुई?

**20.** नीचे दिये कार्टून का अध्ययन करके निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें। (5)



(क) इस कार्टून का मुख्य विचार क्या है? 1


(ख) वर्चस्व के स्वरूप के विषय में यह कार्टून क्या कहता है? 2

(ग) इसको कोई दो संरचनात्मक उदाहरण दें। 2

**21.** भारत का एक राजनीतिक नक्शा लीजिए (जिसमें राज्यों की सीमाएं दिखाई गई हों) और उसमें निम्नलिखित को चिह्नित कीजिए— (5)

(क) ऐसे दो राज्य जहाँ 1952–67 के दौरान कांग्रेस सत्ता में नहीं थी।

(ख) दो ऐसे राज्य जहाँ इस पूरी अवधि में कांग्रेस सत्ता में रही।




**22.** नव अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था से क्या अभिप्राय है ? वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार लाने के लिए अंकटाड द्वारा 1972 में प्रस्तावित किन्हीं चार सुझावों का उल्लेख कीजिए। (6)

***अथवा***

साम्यवादी रूस के साथ बदलते सम्बन्धों का विश्लेषण कीजिए। (6)

**23.** विश्व राजनीति में संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्चस्व के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए। (6)

***अथवा***

नेपाल के लोग अपने देश में लोकतन्त्र को बहाल करने में कैसे सफल हुए ? (6)

**24.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के नए स्थायी सदस्य बनने वालों के लिए तीन नए मापदण्डों का वर्णन कीजिए। (6)

***अथवा***

परम्परागत और अपारम्परिक सुरक्षा में क्या अन्तर है? गठबन्धनों का निर्माण करना और उनको बनाए रखना इनमें से किस कोटि में आता है? (6)

**25.** स्वतन्त्रता के समय भारत के समक्ष आई किन्हीं तीन चुनौतियों की व्याख्या कीजिए। (6)

***अथवा***

हरित क्रांति से क्या अभिप्राय है? इसके किन्हीं दो सकारात्मक तथा किन्हीं दो नकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए। (6)

**26.** 1970 के प्रारम्भ में इन्दिरा गांधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई? (6)

***अथवा***

1977 के आम चुनावों में कांग्रेस पार्टी की पराजय के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारकों का उल्लेख कीजिए। (6)

**27.** दलित पैंथर्स कौन थे ? उनकी मुख्य गतिविधियों का वर्णन कीजिये। (6)

***अथवा***

2014 के आम चुनावों में लोगों ने केन्द्र में स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया। आपके विचार में क्या गठबन्धन की सरकारों का युग समाप्त हो गया है ? अपने उत्तर के पक्ष में उपयुक्त तर्क दीजिए। (6)

# सी०बी०एस०ई० प्रश्न-पत्र-2018

**कक्षा : बारहवीं**
**विषय : राजनीति विज्ञान**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 100**

*सामान्य निर्देश:*

(i) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*
(ii) *प्रश्न संख्या 1-5 तक प्रत्येक प्रश्न* **एक** *अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*
(iii) *प्रश्न संख्या 6-10 तक प्रत्येक प्रश्न* **दो** *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*
(iv) *प्रश्न संख्या 11-16 तक प्रत्येक प्रश्न* **चार** *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*
(v) *प्रश्न संख्या 17-21 तक प्रत्येक प्रश्न* **पाँच** *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*
(vi) *प्रश्न संख्या 21 मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।*
(vii) *प्रश्न संख्या 22-27 तक प्रत्येक प्रश्न* **छः** *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

1. 'पश्चिमी गठबंधन' से क्या अभिप्राय है? 1
2. श्रीलंका में जातीय संघर्ष के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन असत्य है? 1
   (अ) श्रीलंका में राजनीति खुले तौर पर सिंहली लोगों की पक्षधर थी।
   (ब) तमिलों के हितों की अनदेखी की जाती थी।
   (स) तमिल ऐलम के लिबरेशन टाइगर्स को सार्क देशों का समर्थन प्राप्त था।
   (द) श्रीलंका में राजनीतिक समानता नहीं थी।
3. 1977 में काँग्रेस पार्टी की पराजय के किसी एक कारण का विश्लेषण कीजिए। 1
4. 'गठबंधन सरकार' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए। 1
5. महिला सशक्तीकरण की ओर ले जाने वाला जन आंदोलन कौन-सा था? 1
6. गुट-निरपेक्ष आंदोलन द्वारा नव स्वतंत्र देशों को दिए गए प्रमुख योगदान का आकलन कीजिए। 2
7. एक उदाहरण की सहायता से यह दर्शाइए कि वैश्वीकरण ने भारत में परिधान संस्कृति को प्रभावित किया है। 2
8. 'साझी संपदा' के अंतर्गत आने वाले किन्हीं चार हिस्सों अथवा क्षेत्रों को सूचीबद्ध कीजिए। $\frac{1}{2} \times 4 = 2$
9. कॉलम **'A'** में दिए गए तथ्यों का, कॉलम **'B'** के तथ्यों से अर्थपूर्ण मिलान कीजिए: $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

| **कॉलम** *'A'* | | **कॉलम** *'B'* |
|---|---|---|
| (अ) दूसरी पंचवर्षीय योजना के योजनाकार | (i) | बलराज मधोक |
| (ब) जनसंघ के एक नेता | (ii) | मौलाना अबुल कलाम आजाद |
| (स) स्वतंत्र पार्टी के नेता | (iii) | पी॰ सी॰ महालनोबिस |
| (द) हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतिपादक | (iv) | मीनू मसानी |

10. भारतीय विदेश नीति के ऐसे कोई दो पक्ष उजागर कीजिए जो पं॰ जवाहरलाल नेहरू से अत्यधिक प्रभावित थे। 1×2=2



Question Paper political_X (H) (Delhi)-2017.indd 1 5/8/2018 11:50:55 AM

**11.** चीन द्वारा उठाए गए ऐसे किन्हीं चार कदमों की व्याख्या कीजिए जिनके कारण उसकी अर्थव्यवस्था का उत्थान हुआ। 1×4=2

**12.** ऐसे कोई चार कारक उजागर कीजिए जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे को उचित ठहराते हैं। 1×4=4

**13.** 'हरित क्रांति' के किन्हीं चार लाभों का मूल्यांकन कीजिए। 1×4=4

**14.** भारत ने अपने-आप को, दोनों महाशक्तियों के गुटों से क्यों अलग रखा? 4

**15.** दलित पैंथर्स द्वारा अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई किन्हीं चार गतिविधियों का वर्णन कीजिए। 1×4=4

**16.** भारत के किन्हीं चार प्रधानमंत्रियों का उल्लेख कीजिए तथा उनके क्रमश: गठबंधनों के नाम लिखिए जिन्होंने 1989 से 1999 के बीच संघीय सरकार का संचालन किया। 1×4=4

**17.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

'क्यूबा मिसाइल संकट' शीत युद्ध का चरम बिंदु था। शीत युद्ध संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ तथा उनके साथी देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता, तनाव और संघर्ष की एक शृंखला के रूप में जारी रहा। सौभाग्य से इन तनावों और संघर्षों ने 'पूर्णव्यापी रक्तरंजित युद्ध' का रूप नहीं लिया।

(अ) 'पूर्णव्यापी रक्तरंजित युद्ध' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ब) 'क्यूबा मिसाइल संकट' को शीत युद्ध के चरम बिन्दु के रूप में क्यों समझा जाता था?

(स) "विचारधारात्मक संघर्ष भी शीत युद्ध का एक कारण था।" आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं?

1+2+2=5

**18.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

काँग्रेस का जन्म 1885 में हुआ था। उस वक्त यह नव शिक्षित, कामकाजी और व्यापारिक वर्गों का एक दबाव समूह भर थी लेकिन बीसवीं सदी में इसने जन आंदोलन का रूप ले लिया। इस वजह से काँग्रेस ने एक जनव्यापी राजनीतिक पार्टी का रूप लिया और राजनीतिक व्यवस्था में इसका दबदबा कायम हुआ। शुरू-शुरू में काँग्रेस में अंग्रेजीदाँ, अगड़ी जाति, ऊँचले मध्यम वर्ग और शहरी अभिजन का बोलबाला था। लेकिन काँग्रेस ने जब भी सविनय अवज्ञा जैसे आंदोलन चलाए, उसका सामाजिक आधार बढ़ा।

(अ) दबाव समूह से क्या अभिप्राय है?

(ब) स्वतंत्रता प्राप्त होते-होते, काँग्रेस के एक सतरंगे सामाजिक गठबंधन के रूप में परिवर्तित होने का कारण स्पष्ट कीजिए।

(स) बीसवीं सदी में काँग्रेस एक जनव्यापी राजनीतिक दल कैसे बन गई?

**19.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:

1977 के चुनावों को जनता पार्टी ने आपातकाल के ऊपर जनमत-संग्रह का रूप दिया। इस पार्टी ने चुनाव प्रचार में काँग्रेस शासन के अलोकतांत्रिक चरित्र और आपातकाल के दौरान की गई विभिन्न ज्यादतियों पर जोर दिया। हजारों लोगों की गिरफ्तारी और प्रेस की सेंसरशिप की पृष्ठभूमि में जनमत काँग्रेस के विरुद्ध था।

(अ) 'जनमत-संग्रह' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(ब) "आपातकाल के दौरान, हजारों लोगों की गिरफ्तारी तथा प्रेस की सेंसरशिप जैसे कार्य अलोकतांत्रिक थे।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं? प्रत्येक कार्य के पक्ष अथवा विरोध में एक-एक उपयुक्त तर्क देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

(स) 1977 के चुनावों को भारी बहुमत से जीतने के बावजूद, जनता पार्टी केवल थोड़े समय के लिए ही सत्ता में क्यों रही? स्पष्ट कीजिए। 1+2+2=5

**20.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:







(अ) यह कार्टून किस देश से सम्बन्धित है?

(ब) इस देश की आर्थिक नीतियों में 'तब' से 'अब' तक आए किन्हीं दो परिवर्तनों का मूल्यांकन कीजिए।

(द) इस देश में हुए नवीनतम परिवर्तनों के किन्हीं दो परिणामों का आकलन कीजिए। 1+2+2=5

***नोट:*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों*** *के लिए, प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं:*

(20.1) ASEAN (आसियान) का विस्तृत रूप क्या है?

(20.2) आसियान का मुख्य उद्देश्य बताइए।

(20.3) 'आसियान शैली' से क्या अभिप्राय है? 1+2+2=5

**21.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) में पाँच राज्यों को (A), (B), (C), (D) तथा (E) द्वारा दर्शाया गया है। नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए:

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(*i*) वह राज्य जहाँ जलियाँवाला बाग नरसंहार हुआ था।

(*ii*) वह राज्य जहाँ 'अमूल' नाम के अन्तर्गत, डेयरी सहकारिता आंदोलन शुरू हुआ।

(*iii*) वह राज्य जो 'हरित क्रांन्ति' से लाभान्वित हुआ।

(*iv*) वह राज्य जिसका गठन वर्ष 2000 में हुआ था।

(*v*) वह राज्य जहाँ 1960 के दशक में अकाल जैसी स्थिति थी। 1×5=5

***नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं:***

(21.1) जलियाँवाला बाग नरसंहार किस राज्य में घटित हुआ था?

(21.2) 'अमूल' दुग्ध डेयरी सहकारी आंदोलन का प्रारम्भ किस राज्य से हुआ था?

(21.3) वर्ष 2000 में गठित होने वाले राज्य का नाम लिखिए।

(21.4) भारत के पूर्व में स्थित उस राज्य का नाम लिखिए जो 1947 में विभाजन के समय बँटवारे के कारण अस्तित्व में आया।

(21.5) हरित क्रान्ति से सर्वाधिक लाभान्वित होने वाले दो राज्य कौन-से हैं? 1×5=5

**22.** 'शॉक थेरेपी' से क्या अभिप्राय है? शॉक थेरेपी के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए। 2+4=6

**अथवा**

अल्प विकसित देशों के विकास के लिए 'नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था' (NIEO) के विचार को स्पष्ट कीजिए। वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार होने के लिए युनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट द्वारा 1972 में प्रस्तावित किन्हीं तीन सुधारों को उजागर कीजिए। 3+3=6

**23.** संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा किए गए किन्हीं तीन ऑपरेशन्स (शैन्य कार्रवाइयों) का वर्णन कीजिए जिनसे अमरीका की सैन्य शक्ति की सर्वोच्चता सिद्ध एवं स्थापित हुई। 2×3=6

**अथवा**

भारत और पाकिस्तान के बीच किन्हीं तीन विवादित मुद्दों का वर्णन कीजिए। 2×3=6

**24.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के नए स्थायी और अस्थायी सदस्यों के लिए मानदण्ड के रूप में प्रस्तावित छ: सुधारों का परीक्षण कीजिए। 1×6=6

**अथवा**

भारत की सुरक्षा रणनीति के किन्हीं तीन बड़े घटकों का विश्लेषण कीजिए। 2×3=6

**25.** 1975 में आपातकाल घोषित किए जाने के किन्हीं तीन प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए। 2×3=6

**अथवा**

इंदिरा गाँधी द्वारा 'गरीबी हटाओ' कार्यक्रम को लागू करने के लिए उठाए गए किन्हीं चार कदमों को वर्णन कीजिए। $1\frac{1}{2} \times 4 = 6$

**26.** आज के वैश्विक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले किन्हीं तीन खतरों का विश्लेषण कीजिए। 2×3=6

**अथवा**

वैश्वीकरण की किन्हीं तीन हानियों का विश्लेषण कीजिए। 2×3=6

**27.** "कड़े मुकाबले और बहुत से संबंधों के बावजूद, भारत के अधिकतर राजनीतिक दलों के बीच एक सहमति उभरती सी जान पड़ रही है।" इस कथन के संदर्भ में, बढ़ती सहमति के किन्हीं तीन तत्वों का विश्लेषण कीजिए। 2×3=6

**अथवा**

'जम्मू-कश्मीर बहुलवादी समाज और राजनीति का एक जीवंत उदाहरण है।" किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए। 2×3=6